पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

राजभवन में इण्डियन ब्लाइण्ड एण्ड एसोसिएशन के मूक बधिर खिलाड़ियों ने राज्यपाल से मुलाकात की

———————

जूडो आत्म–सुरक्षा और आत्म–रक्षा से जुड़ा हुआ बहुत ही रोचक खेल है।

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 26 दिसम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में इण्डियन ब्लाइण्ड एण्ड एसोसिएशन के मूक बधिर खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश इण्डियन ब्लाइण्ड एण्ड एसोसिएशन के महासचिव सुधीर हलवासिया के निर्देशन में मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे आज यहां फ्रांस में सम्पन्न हुई विश्व मूकबधिर जूडो प्रतियोगिता में प्रदेश की कांस्य पदक विजेता कु0 दिव्या तिवारी एवं प्रतिभागी श्री अमान खान तथा अन्य खिलाड़ियों और अधिकारियों से मिलकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

राज्यपाल जी ने कहा कि चण्डीगढ़ में सम्पन्न हुई प्रथम नार्थ जोन टी–10 क्रिकेट चैम्पियनशिप फार दि डेफ वुमेन में उत्तर प्रदेश की मूकबधिर महिला टीम ने दिल्ली, हरियाणा तथा पंजाब को हराकर विनर्स ट्रॉफी जीतकर गौरव प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ ही देश भर में दृष्टिबाधित एवं मूकबधिर खिलाड़ी जूडो एवं सेल्फ डिफेन्स की ट्रेनिंग ही नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने प्रदेश व देश के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मेडल भी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे मूकबधिर बच्चों को आठ वर्षों से जूडो की ट्रेनिंग प्राप्त कर अपने आत्म–विश्वास बढ़ा रहे हैं। जूडो आत्म–सुरक्षा और आत्म–रक्षा से जुड़ा हुआ बहुत ही रोचक खेल है। मैं देख रही हूँ दिव्यांगों में इस खेल को लेकर बहुत रूचि है। बस जरूरत इस बात की है कि इन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाये।

कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, उत्तर प्रदेश ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन के पदाधिकारी, खिलाड़िगण एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (111/38)
सम्पर्क सूत्र 9453005360